# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (9 February)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-february-9

- बांग्लादेश के विदेश मंत्री की हालिया भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने **राष्ट्रीय सुशासन केंद्र** में अगले छह साल में बांग्लादेश के 1800 लोक सेवकों के प्रशिक्षण के लिये एक समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किये। पाँच साल पहले दोनों देशों के बीच हुए समझौते में बांग्लादेश के 1500 लोक सेवकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। भारत के राष्ट्रीय सुशासन केंद्र में बांग्लादेश के लोक सेवकों को ई-गवर्नेंस एवं सेवा प्रदान करने , सार्वजनिक नीति एवं क्रियान्वयन, सूचना प्रौद्योगिकी, विकेंद्रीकरण, शहरी विकास एवं योजना, प्रशासनिक नीति और सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन में चुनौतियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश पर केंद्रित विशेष दूरदर्शन उपग्रह चैनल **डीडी अरुणप्रभा** की शुरुआत 9 फरवरी को की। साथ ही प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान के स्थायी परिसर का शिलान्यास भी किया। डीडी अरुणप्रभा दूरदर्शन का 24वाँ उपग्रह चैनल होगा। इस चैनल में डिजिटल उपग्रह के ज़रिये समाचार संकलन की इकाई भी है, जो हर दिन 24 घंटे दूर-दराज़ के क्षेत्रों से भी सीधा प्रसारण कर सकती है।
- भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री द्वारा उपयोग किया जाने वाला विमान **‘एयर इंडिया वन’** को अमेरिकी मिसाइल तकनीक से अभेद्य बनाया जाएगा। अमेरिका इस विमान के लिये दो मिसाइल रक्षा प्रणाली बेचने पर सहमत हो गया है। दोनों मिसाइल रक्षा प्रणालियों की अनुमानित लागत 19 करोड़ डॉलर (लगभग 1357 करोड़ रुपए) है। इसके तहत ‘लार्ज एयरक्राफ्ट इंफ्रारेड काउंटर मेजर’ (LARCAM) और ‘सेल्फ-प्रोटेक्शन सुइट्स’ (SPS) की बिक्री को मंज़ूरी दे दी है। इन मिसाइल सिस्टम्स में पायलट को कुछ नहीं करना पड़ता, बस उन्हें जानकारी मिलती है कि आक्रामक मिसाइल नष्ट कर दी गई है।
- नोएडा स्थित वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष कुमार गंगवार ने भारत में **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के शताब्दी समारोह** का उद्घाटन किया। आपको बता दें कि ILO संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक एजेंसी है, जिसका स्वरूप त्रिपक्षीय है। यह सरकार, नियोक्ताओं एवं कामगारों के बीच सहयोग के सिद्धांत पर कार्य करती है। ILO की स्थापना 1919 में हुई थी और भारत इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है। ILO के 100 वर्षों के दौरान भारत ने इसके 189 समझौतों में से 47 समझौतों का अनुमोदन किया है।
- केंद्रीय रेशम बोर्ड के सहयोग से वस्त्र मंत्रालय ने 9 फरवरी को नई दिल्ली में **‘सर्जिंग सिल्क–एकॉम्प्लिश्मेंट एंड वे फॉरवर्ड’** कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पिछले 4 वर्षों के दौरान भारत में रेशम उद्योग के विकास को मुख्य रूप से दिखाया गया और जनजातीय क्षेत्रों की महिलों को बुनियाद टसर रेशम रिलिंग मशीनें वितरित की गईं। इसका उद्देश्य थाई रिलिंग की वर्षों पुरानी व्यवस्था को समाप्त करना है। टसर रेशम के क्षेत्र में इस प्रथा को समाप्त करने तथा ग्रामीण व जनजातीय महिलाओं को उचित आय प्रदान करने के उद्देश्य से **चंपा, छत्तीसगढ़** के एक उद्यमी के सहयोग से केंद्रीय रेशम प्रौद्योगिकी शोध संस्थान ने इस मशीन को विकसित किया है। इस मशीन का नाम **बुनियाद रिलिंग मशीन** है और इससे टसर सिल्क की गुणवत्ता तथा उत्पादकता बेहतर होगी, साथ ही महिलाओं को कठिन श्रम से राहत मिलेगी।
- **राजस्थान सरकार** ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पेंशन 20 हज़ार से बढ़ाकर 25 हज़ार रुपए कर दी है और इनका

मेडिकल भत्ता भी बढ़ाकर 5 हज़ार रुपए तक कर दिया गया है। इसके अलावा, द्वितीय विश्वयुद्ध में हिस्सा लेने वाले सैनिकों या उनकी विधवाओं को 10 हज़ार रुपए तक की पेंशन दी जाएगी। साथ ही राज्य में अमन-शांति व्यवस्था कायम रखने के लिये जल्द ही एक अलग से विभाग बनाया जाएगा। प्रदेश के दो करोड़ अत्यंत निर्धन लोगों को 1 रुपए प्रति किलो गेहूँ उपलब्ध कराने की योजना भी बनाई जा रही है।

- **मध्य प्रदेश सरकार** ने बेरोज़गारों के लिये बनाई गई युवा स्वाभिमान योजना को केंद्र सरकार की कौशल संवर्द्धन योजना से जोड़ा है। अब इस स्कीम के तहत केंद्र सरकार से मिलने वाला पैसा किसी संस्था या विभाग को न देकर सीधे बेरोज़गारों के खातों में डाला जाएगा। 21 से 30 साल तक के बेरोज़गार युवाओं को 100 दिन के काम के हिसाब से 4 हज़ार रुपए हर महीने दिये जाएंगे। किसानों को मिलने वाली बिजली का बिल भी आधा कर दिया गया है, जिससे 19 लाख किसान लाभान्वित होंगे।
- पालतू बनाकर रखी गई भारत और एशिया की सबसे अधिक आयु की हथिनी **दक्षायनी** की 88 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई। उसे Gaja Muthassi या Elephant Granny टाइटल दिया गया था। **दक्षायनी** केरल के चेंगललोर महादेवा मंदिर के अनुष्ठानों और जुलूसों में हिस्सा लिया करती थी।
- राष्ट्रीय स्तर पर खेली जाने वाली शीर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता **रणजी ट्रॉफी** का ख़िताब लगातार दूसरी बार विदर्भ ने जीत लिया है। नागपुर में खेले गए फाइनल मैच में विदर्भ ने सौराष्ट्र को 78 रन से हरा दिया। विदर्भ की टीम ने मौज़ूदा सीज़न में 11 मैच खेले और एक भी मैच नहीं हारा और पिछले सीज़न में भी ऐसा ही हुआ था। फाइनल मैच में 11 विकेट लेने वाले विदर्भ के आदित्य सरवटे को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।
- नासा एवं नेशनल ओशनिक एंड एटमोस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन से पता चलता है कि 2018 में पृथ्वी का वैश्विक सतह तापमान चौथा सबसे गर्म तापमान रहा। नासा के गोडार्ड इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस स्टडीज़ के अनुसार, 2018 में पृथ्वी की सतह का वैश्विक तापमान 1880 के बाद से अब तक का **चौथा सबसे गर्म** तापमान रहा। 2018 में वैश्विक तापमान 1951 से 1980 तक के औसत तापमान से 0.83 डिग्री सेल्सियस अधिक था। पृथ्वी की सतह के तापमान में आए इस परिवर्तन का प्रमुख कारण वातावरण में कॉर्बन डाइऑक्साइड के बढ़े हुए उत्सर्जन और मानवीय गतिविधियों के कारण निकलने वाली अन्य ग्रीनहाउस गैसें हैं।
- इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) 2018 की रिपोर्ट के अनुसार भारत लगातार चौथे वर्ष 18.6% की सबसे तेज़ वृद्धि दर के साथ **एविएशन के क्षेत्र में शीर्ष** पर रहा। भारत के बाद चीन का स्थान रहा जिसकी वृद्धि दर 11.7% रही। भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के आँकड़ों से पता चलता है कि 2018 में 13.9 करोड़ घरेलू यात्रियों ने हवाई यात्रा की। 2017 में यह संख्या 11.7 करोड़ थी। रूस 9% के साथ तीसरे, अमेरिका 5.1% के साथ चौथे और 4.8% वृद्धि दर के साथ ब्राज़ील पाँचवें स्थान पर रहा।
- भारतीय मूल के अमेरिकी इंजीनियर **संजय रामभद्रन** को अमेरिका में एक गैर-लाभकारी संस्था **टेक्सास लिसीयम** का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह संस्था टेक्सास में अगली पीढ़ी के नेताओं को तैयार करने पर ध्यान देती है। संजय रामभद्रन इस पद पर नियुक्त होने वाले विदेशी मूल के पहले व्यक्ति हैं।